आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 14.08.2025 समय : 18.30 पीएम

- 79वां स्वतंत्रता दिवस कल उल्लास के साथ मनाया जाएगा–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रध्वज फहराएंगे–राज्य स्तरीय समारोह जोधपुर में होगा।
- स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शाम 7 बजे राष्ट्र को सम्बोधित करेंगी।
- थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने श्रीगंगानगर में नग्गी युद्व स्मारक पर पूर्व सैनिकों से संवाद किया।
- प्रदेश में कल चार जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट–16 जिलों में हल्की से मध्यम बरसात का पूवानुर्मान।

000

79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह कल उल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के लाल किले पर आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएँगे और देशवासियों को संबोधित करेंगे। इस साल के स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय "नया भारत" है। लाल किले पर समारोह देखने के लिए देशभर से विभिन्न क्षेत्रों के लगभग पाँच हज़ार विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। नागरिकों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने और ऑपरेशन सिंदूर की जीत का जश्न मनाने के लिए, कल शाम पूरे भारत में 140 स्थानों पर बैंड प्रस्तुतियाँ रखी गई हैं। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 16 सीमा प्रहरियों को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनके अदम्य साहस और कृतसंकल्प के लिए वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा और सेवाओं के कुल एक हजार नब्बे कर्मियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया। गृह मंत्रालय ने कहा है कि 233 कर्मियों को वीरता पदक, 99 कर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और 758 को सराहनीय सेवा के लिए पदक से नवाज़ा गया है। इनमें राजस्थान के 18 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। विशिष्ट सेवा के लिए राजस्थान पुलिस में कम्पनी कमाण्डर भंवर सिंह और सब इन्सपेक्टर नरेन्द्र सिंह को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया। वहीं 16 पुलिसकर्मियों को मेधावी सेवा पदक से नवाज़ा गया।

000

स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह जोधपुर में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बरकतउल्लाह खां स्टेडियम में ध्वजारोहण करेंगे और प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। इस दौरान प्रदेश के 11 प्रशासनिक अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। इससे पहले आज जोधपुर के मेहरानगढ़ फोर्ट में एट होम कार्यक्रम रखा गया है। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, अन्य कैबिनेट मंत्री, विधायक, उच्च अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति सहित करीब तीन सौ प्रबुद्धजन शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में 14 पुलिस कार्मिकों को उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। इनमें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी.के. सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाज़ा जाएगा। इनके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य के लिए 4 व्यक्तियों और 1 ग्राम पंचायत को भी प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। एट होम कार्यक्रम के बाद मेहरानगढ से ही ऑपरेशन सिंदूर थीम पर ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। इस शो में साढे पांच सौ ड्रोन एक साथ उड़ान भरेंगे। इस दौरान भारतीय सेना के अदम्य पराक्रम, शौर्य गाथा और मेक इन इंडिया के तहत बनाये गये उन्नत हथियारों का जीवंत और दृश्यमान चित्रण प्रस्तुत किया जाएगा।

आजादी की वर्षगांठ प्रदेश के अन्य जिलों में भी हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में प्रभारी मंत्री, जिला कलेक्टर और संभागीय आयुक्त ध्वजारोहण करेंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। विभिन्न संगठनों, सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं में भी आजादी का जश्न उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस बीच सभी सरकारी भवनों, स्मारकों और ऐतिहासिक इमारतों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। चित्तौड़गढ़ से हमारे संवाददाता ने बताया कि दुर्ग की दीवारें, विजय स्तम्भ और कुम्भा पैलेस को तिरंगी रोशन से सजाया गया है। ये सजावट 17 अगस्त तक रहेगी।

........................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। ये संबोधन अब से कुछ देर बाद शाम 7 बजे आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी के क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण होगा। दूरदर्शन के सभी चैनलों पर भी हिंदी और फिर अंग्रेजी भाषा में राष्ट्रपति का संबोधन प्रसारित किया जाएगा।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में सभी से भाईचारा और सदभावना बनाये रखते हुए राष्ट्र और राज्य की उन्नति के लिए मिलकर प्रयास करने को कहा है। उन्होंने **"हर घर तिरंगा अभियान"** के तहत राष्ट्र की एकता और स्वाभिमान का प्रतीक तिरंगा झण्डा अपने घर पर जरूर फहराने की अपील की है।

000

प्रदेश में कई जगह तिरंगा यात्राएं निकाली गई। नागौर में ट्रैक्टर तिरंगा रैली निकाली गई इसमें 121 ट्रेक्टर शामिल हुए। डूंगरपुर और चूरू में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। ब्यावर में रोड़वेज की तरफ से बस यात्रियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट किया गया। बांसवाड़ा में माही बांध पर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साढे सात सौ विद्यार्थी, स्काउट गाइड और खिलाड़ी शामिल हुए। सिरोही में केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से वीरवाड़ा गांव के पीएम श्री विद्यालय परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बाद में तिरंगा रैली निकाली गई।

000

देश आज बंटवारे की त्रासदी को याद करते हुए विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि ये दिन इतिहास के दुःखद अध्याय के दौरान असंख्य लोगों द्वारा झेले गये दुःख और पीड़ा को याद करने का दिन है। उन्होंने लिखा कि ये दिन सभी को सौहार्द और एकता की भावना को मजबूत बनाए रखने की जिम्मेदारी को भी याद दिलाता है। इस अवसर पर जिलों में संगोष्ठियां और चित्र प्रदर्शनी सहित विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज बीकानेर में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित एक संगोष्ठी में भाग लिया। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी उनके साथ उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने नाल में आयोजित तिरंगा यात्रा में शिरकत की।

इससे पहले श्री शर्मा ने खाजूवाला स्थित कोडेवाला बॉर्डर पोस्ट पर बीएसएफ जवानों से संवाद कर उनकी हौसला अफज़ाई की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपने अनुशासन और साहस के कारण बी.एस.एफ. देश का सबसे बड़ा सैन्य बल है। बी.एस.एफ. के जवान सीमा की सुरक्षा के साथ ही समाज में फैली अन्य बुराइयों को भी दूर करने का प्रयास करते हैं।

000

थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी आज श्रीगंगानगर प्रवास पर रहे। उन्होंने नग्गी युद्ध स्मारक का दौरा किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान जनरल द्विवेदी ने पूर्व सैनिकों से संवाद भी किया।

000

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रदेशवासियों से राष्ट्र की एकता और अखण्डता के लिए मिलकर काम करने को कहा है। उन्होंने आज डीडवाना में वीर दुर्गादास राठौड़ जयंती के अवसर पर ये बात कही। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अच्छे नागरिक का कर्तव्य निभाना चाहिए।

उपमुख्यमंत्री ने परबतसर और कुचामन विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

000

राज्य के शहरी निकायों में 31 मई तक खाली हुई 4 सीटों पर 21 अगस्त को उप चुनाव होंगे। मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। मतगणना 22 अगस्त को होगी।

000

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। इन क्षेत्रों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बरसात दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 12 सेंटीमीटर बारिश धौलपुर के सैपऊ में रिकॉर्ड हुई। विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों में राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में बारिश की संभावना है। विभाग ने कल चार जिलों के लिए बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद और उदयपुर शामिल हैं। वहीं सोलह जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है। इस बीच राजधानी जयपुर सहित आसपास के इलाकों में हल्की बरसात हुई।

000